भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2959**
17.12.2025 को उत्तर देने के लिए

कोविड - 19 के बाद बढ़ता घरेलू ऋण

2959. सुश्री सयानी घोषः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या घरेलू वित्तीय ऋण घरेलू वित्तीय परिसंपत्तियों की तुलना में बहुत तेजी से बढ़ रहा है और ऋण वृद्धि कोविड-19 से पहले के स्तर की तुलना में कथित तौर पर दोगुनी हो गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2014 से भारत के सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में कुल घरेलू ऋण, प्रत्येक वर्ष बढ़ी घरेलू वित्तीय देयताओं और प्रत्येक वर्ष बढ़ी घरेलू वित्तीय परिसंपत्तियों का वर्ष-बार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या महामारी के बाद की अवधि में सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में परिवारों द्वारा बढ़ाई गई वित्तीय परिसंपत्तियों का हिस्सा लगातार घट रहा है जो घरेलू तुलन पत्र के कमजोर होने का संकेत देता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने स्थिर मजदूरी, जीवन यापन की उच्च लागत, मुद्रास्फीति के दबाव और अपर्याप्त सामाजिक सुरक्षा सहित बढ़ती घरेलू ऋणग्रस्तता के कारणों का कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री (राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (घ): घरेलू वित्तीय परिसंपत्तियों और देयताओं के स्टॉक पर उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों का वर्षवार विवरण, सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में नीचे दिया गया है:

| सारणी 1: घरेलू वित्तीय परिसंपत्तियों और देयताओं का स्टॉक (जीडीपी के प्रतिशत के रूप में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | मार्च-20 | मार्च -21 | मार्च -22 | मार्च -23 | मार्च -24 |
| वित्तीय परिसंपत्तियां | 85.5 | 115.2 | 107.8 | 103.5 | 106.2 |
| वित्तीय देयताएं | 34.7 | 39.1 | 36.5 | 38 | 40.2 |

*स्रोत: आरबीआई*

घरेलू वित्तीय देयताओं के स्टॉक में मार्च 2020 से मार्च 2024 तक लगभग 5.5 प्रतिशत अंक की वृद्धि हुई है, जबकि इसी अवधि के दौरान घरेलू वित्तीय परिसंपत्तियों के स्टॉक में 20.7 प्रतिशत अंक की वृद्धि हुई है। इस प्रकार, वर्ष 2023-24 तक की स्थिति के अनुसार परिवारों की निवल वित्तीय स्थिति (परिसंपत्तियों का स्टॉक माइनस देयताओं का स्टॉक) में सुधार हुआ है।

इसके अतिरिक्त, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (सां. और कार्य. कार्यां. मंत्रा.) परिवारों की संपत्ति और देयताओं के विषय में बुनियादी मात्रात्मक सूचना एकत्र करने के लिए अखिल भारतीय ऋण और निवेश सर्वेक्षण (एआईडीआईएस) आयोजित कर रहा है। एआईडीआईएस के पिछले दो चरण राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) के 77वें और 70वें चरण के अंतर्गत क्रमशः जनवरी से दिसंबर 2019 और जनवरी से दिसंबर 2013 की अवधि के दौरान आयोजित किए गए थे। इन सर्वेक्षणों के निष्कर्ष जारी कर दिए गए हैं और ये निष्कर्ष सां. और कार्य. कार्यां. मंत्रा. की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं।

*****